# राजधानी के किशोरगंज चौक पर ज्वेलरी दुकान में लाखों की चोरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी में इन दिनों चोरी की वारदातें बढ़ गईं हैं। इस बार चोरों ने रांची शहर के बीचोंबीच किशोरगंज चौक स्थित ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाया है। चोरों ने शुक्रवार की रात दुकान की छत की एस्बेस्टस तोड़कर लाखों के गहने चोरी की है। साथ ही दुकान के गल्ले में रखे 15 हजार रुपए लेकर फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी दुकान मालिक को तब हुई जब वह दूसरे दिन शनिवार की सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचा था। उसने दुकान के अंदर छत की सीलिंग टूटी पाई। उसने देखा कि दुकान की छत का एस्बेस्टस टूटा है और दुकान में रखे शोकेस से गहने गायब हैं। इसकी सूचना दुकान मालिक ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर



पहुंच कर जांच में जुट गई है।

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जटी**

पुलिस दुकान के आसपास में लगा सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध को देख उसकी खोज भी शुरू कर दी है। वहीं दुकान मालिक ने इस संबंध में बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने नया शटर लगवाने के लिए मजदूरों को बुलाया था। पुलिस इन बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध को दुकान के आसपास देख उस युवक की खोज में जुट गई है।

# ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर चैंबर ने कृषि विधेयक को बताया आधारहीन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित कृषि शुल्क विधेयक के कारण प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियों, कृषकों और व्यापारिक संगठनों के बीच बन रही असमंजसता की स्थिति को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि एक बार इस विधेयक को वापस लेने के बाद फिर विधेयक को लाये जाने से व्यापारी स्वंय को ठगा महसूस कर रहे हैं। यह विधेयक आधारविहीन है और इसके प्रभावी होने से भ्रष्टाचार



बढ़ेगा। जरूरी है कि सरकार इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करते हुए इस विधेयक को स्थायी रूप से समाप्त करने की पहल करे। उन्होंने यह भी सुझाया कि कृषकों के विकास के लिए राज्य में कृषि मंडियों को मॉडल रूप में विकसित करने की पहल होनी चाहिए। इस मामले में यदि कोई समस्या है तो सरकार को व्यापारी और कृषकों के साथ मिल-बैठ कर समस्या के समाधान की पहल की जानी चाहिए।

**कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे**

बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस पार्टी के जेनरल सेक्रेटरी अजयनाथ शाहदेव, प्रोफेशनल कांग्रेस के आदित्य विक्रम जयसवाल, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री संजय पाण्डेय और रांची महानगर के अध्यक्ष कुमार राजा और ज्योति मथारू ने भी इस विधेयक को अव्यावहारिक बताते हुए मंत्री से इस विधेयक को वापस लेने की सहमति दी। यह भी कहा कि इस विधेयक के प्रभावी होने से राज्य के कृषक एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग प्रभावित होंगे और यह राज्यहित में नहीं है। मुलाकात के दौरान काफी सकारात्मक वार्ता हुई। मंत्री आलमगीर आलम ने चैंबर अध्यक्ष को इस मामले में आवश्यक सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

# पश्चिमी विक्षोभ से झारखंड का मौसम हुआ सुहाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड का मौसम सुहाना हो गया है। मकर संक्राति के दिन पहले कड़ाके की ठंड पड़ती थी, लेकिन इस बार वैसी ठंड नहीं पड़ेगी। इसकी वजह है पश्रिमी विक्षोभ। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से तापमान बढ़ गया है। गिरिडीह को छोड़कर प्रदेश के अन्य जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक है। अधिकतम तापमान तो लगभग सभी जिलों में बढ़ा हुआ है।

**रांची में तापमान सामान्य से अधिकः** राजधानी रांची में शनिवार को अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम औ न्यूनतम तापमान सामान्य से क्रमशः 3.6 डिग्री और 2.7 डिग्री अधिक रहा। जमशेदपुर



का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। उच्चतम तापमान सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक, तो न्यूनतम तापमान 2 डिग्री अधिक रहा।

**खूंटी झारखंड में सबसे सर्द जगह**

चाईबासा सबसे पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें, तो चाईबासा का तापमान सबसे ज्यादा 30.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। खूंटी का तापमान न्यूनतम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान राज्य में कहीं-कहीं हल्के दर्जे का कोहरा भी छाया रहा। हालांकि, 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। रांची में दिन में भी गर्मी में तपिश कम रही।

**रात के तापमान में आयेगी गिरावटः** मौसम केंद्र ने बताया है कि अगले तीन दिन में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयेगी। उसके बाद अगले दो दिन तक तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। 17 जनवरी तक सुबह में धुंध छाये रहने का मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है। कहा है कि 18 जनवरी को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में सुबह में धुंध और बाद में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं।

**कल रांची में छायी रहेगी धुंध**

रांची में 15 जनवरी को सुबह में धुंध छायी रहेगी और बाद में आसमान साफ हो जायेगा। अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 17 जनवरी को आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में वृद्धि हो सकती है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस हो जाने का अनुमान है।

**18 जनवरी को आसमान में छाये रहेंगे बादलः** इसके बाद 18 जनवरी को भी आसमान में बादल छाये रहेंगे. तापमान में औ वृद्धि दर्ज की जा सकती है। इस दिन अधिकतम तापमान 27 डिग्री से बढ़कर 28 डिग्री सेल्सियस हो जाने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की वृद्धि की संभावना जतायी जा रही है। ऐसा होने पर रांची का न्यूनतम तापमान उस दिन 13 डिग्री सेल्सियस हो जायेगा। 19 एवं 20 जनवरी को सुबह में धुंध छाया रह सकता है। बाद में आसमान साफ हो जायेगा. मौसम शुष्क रहेगा।

# खोरठा को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, प्रतिनिधित्व करेंगे सुजीत

### अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी में भाग लेंगे खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के सचिव सुजीत कुमार 21 एवं 22 जनवरी को मलेशिया में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी में भाग लेंगे। भारत- मलेशिया सांस्कृतिक संबंध विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्च आयोग ,कुआलालंपुर (मलेशिया) और



साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन नई दिल्ली (भारत) के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। झारखंड के खोरठा साहित्य के लिए यह बड़ा सम्मान है।

सुजीत कुमार संगोष्ठी में 'आदि धर्म से अन्य भारतीय धर्मों का उदय' विषय पर शोध प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि वह 17 जनवरी को मलेशिया रवाना होंगे। वहां 3 दिनों तक संगोष्ठी को लेकर अपनी तैयारी को अंतिम रूप देंगे।

उल्लेखनीय है कि सुजीत कुमार ने खोरठा साहित्य संस्कृति के उत्थान में अहम अहम भूमिका निभाई है। वह पिछले तीन दशक से खोरठा साहित्य- संस्कृति से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़े हैं। सुजीत कुमार ने कहा कि संगोष्ठी में आमंत्रण मिलना उनके गर्व एवं खुशी की बात है।

# नयी सरकार में अपराधियों के निशाने पर हैं भाजपा कार्यकर्ता : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपराधियों के हमले में घायल भाजपा कार्यकर्ता सुमित केसरी की मौत के बाद भाजपा ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि नयी सरकार बनते ही लगातार भाजपा के कार्यकर्ता अपराधियों के निशाने पर हैं। सुमित केसरी के अलावा काशीनाथ महतो, जयवर्द्धन सिंह, प्रकाश यादव, रघुनाथ राय, सतीश सिंह, जीतराम मुंडा, गणेश दास, सुमित श्रीवास्तव, सूरज सिंह, मुकेश सोनी, संजू



प्रधान, देबू तुरी और कमलदेव गिरी सहित सैकड़ों कार्यकताओं की हत्या हेमंत सरकार में हुई है।

**सरकार में अपराधियों को संरक्षण प्राप्त**

उन्होंने कहा कि सबसे दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि हत्या के आरोपी पकड़े नहीं जा रहे हैं। हत्या के बाद अपराधी खुलेआम घूम रहे और पुलिस प्रशासन चुपचाप मूकदर्शक बना हुआ है। इससे साफ है कि हेमंत सरकार में अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। यह सरकार अपने खिलाफ उभरे जनाक्रोश को अपराधियों के सहारे दबाना चाहती है। आदिवासी हित की बात करने वाली सरकार रोज आदिवासियों, दलितों की हत्या करवा रही है। दुष्कर्म और उत्पीड़न की शिकार भी सबसे ज्यादा आदिवासी बेटी-बहनें ही हो रही हैं।

# पुलिस ने रांची में अफीम की फसल को किया नष्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के कार्रवाई के बावजूद झारखंड में अफीम की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी पुलिस की कार्रवाई के बावजूद भी अफीम तस्कर इसको अंजाम देने में सफल रह रहा है। इसी कड़ी में रांची में अफीम की फसल नष्ट की गयी है। रांची के ग्रामीण इलाके में तुपुदाना थाना क्षेत्र के ग्राम हरवा में 5 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया। बता दें कि रांची में अफीम की खेती ग्रामीण क्षेत्रों में काफी मात्रा में की जाती है। जिसकी सूचनाएं पुलिस तक



लगातार आती रहती हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी ये कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासन को सूचनाएं मिल रही थी कि अफीम तस्करों के द्वारा गांव के भोले भाले लोगों की जमीन पर अफीम की फसल लगाने के लिए उन्हें पैसे का लालच दिया जा रहा है। चंद पैसों के लालच में आकर ग्रामीण अपनी जमीन पर अफीम की खेती करते हैं, जमीन मालिक और अफीम तस्करों की निगरानी और देखरेख में इन फसलों को तैयार किया जाता है।

पुलिस का कहना है कि फसल तैयार होने पर तस्कर उन्हें काटकर ले जाते हैं और बदले में कुछ पैसे जमीन मालिक को थमा देते हैं। लेकिन तस्करों द्वारा इन अफीम का सौदा लाखों में किया जाता है। इसके बावजूद कार्रवाई के वक्त तस्कर फरार हो जाते हैं और बेचारे मासूम ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई के शिकार होते हैं। झारखंड पुलिस की माने तो इस तरह के मामलों के लिए पुलिस ने विशेष अभियान के लिए एक टीम बनाई गयी है। जिससे गांव के प्रत्येक खेतों में सूचनाएं जमा करके उस स्थान पर जाकर अफीम की फसल को नष्ट किया जा सके। इससे पहले भी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कई क्षेत्रों में अफीम की फसलों को नष्ट करने में सफलता पाई है। इसके अलावा भी पुलिस की टीम द्वारा लगातार ग्रामीणों को तस्करों की बातों में ना आने की अपील कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

# कर्नल बीके सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय सेना में तीन दशक से अधिक समय तक सेवा दे चुके कर्नल बीके सिंह ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी कार्यालय में उनका और उनके कई समर्थकों का पार्टी में स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि सेना में सेवा दे चुके बीके सिंह का पार्टी में स्वागत है। उनके आने से राज्य में केंद्र की योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी मदद मिलेगी। 2023 आ गया है। अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव होंगे। पार्टी को भरोसा है कि इस चुनाव में यहां सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल होगी। हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में जो अराजकता की स्थिति पैदा कर रखी है, उसे भी जनता के सहयोग से उखाड़ फेंका जायेगा। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी प्रदीप वर्मा, रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित थे।

**समय आने पर रामगढ़ उपचुनाव पर फैसला**

रामगढ़ उपचुनाव की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर दीपक प्रकाश ने कहा कि समय आने पर इस संबंध में पार्टी फैसला कर लेगी। जल्द ही सबों के सामने इसकी जानकारी सार्वजनिक कर दी जायेगी।

# जयंती पर प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दूबे को याद किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व इंटक नेता स्व. बिन्देश्वरी दूबे की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा, सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन, निरंजन



पासवान, जितेन्द्र त्रिवेदी, विनंजय भारती बल्कू, संजय कुमार, अजय कुमार, सेमियर खेस्स, शान्तीदेवी, मो. फिरोज आलम, रामानन्द केशरी, भूषण कुमार, दामोदर प्रसाद, सुनील मिंज सहित कई कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# बगोदर के खेतको पंचायत में कांग्रेस ने चलाया झंडा लगाओ कायक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/ बगोदर।** मकर संक्रांति के अवसर पर भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत शनिवार को गिरिडीह जिला कांग्रेस कमिटी ने बगोदर के खेतको पंचायत में पार्टी झंडा लगाओ कार्यक्रम किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने खेतको पंचायत में घर-घर पार्टी का झंडा लगाया तथा ग्रामवासियों को मकर संक्राति की शुभकामानएं देते हुए दही, चुडा, तिलकुट खिलाया।

कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश मंडल की



अगुवाई में की गई। इस अवसर पर गिरिडीह जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बासुदेव वर्मा, शुभम वर्णवाल, विष्णुपांडे, जगेश्वर प्रसाद भारती, संतोष कुमार, सुनील कुमार, राष्ट्रीय सचिव सह प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर सिंह, प्रदेश महासचिव इंटक शुभम कुमार, सरिया 20 सूत्री अध्यक्ष मुरली मंडल , वरिष्ठ नेता इकबाल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सरिया कुशकान्त सिंह, रामकिशुन पांडे, प्रकाश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे फेज को लेकर सरकारी महकमा रेस

### सीएम हेमंत सोरेन के आगमन को 30 लाख की लागत से सज रहा परिसदन और सदर हॉस्पिटल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियान जोहार यात्रा को लेकर 17 जनवरी को गिरिडीह पहुंच रहे हैं। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन युद्धस्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत



17 जनवरी की शाम सीएम हेमंत सोरेन सड़क मार्ग से गिरिडीह पहुंचेंगे। सीएम के साथ मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत कई अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। गिरिडीह परिसदन में रात्रि प्रवास के बाद अगले दिन 18 जनवरी को झंडा मैदान में जेएमएम और कांग्रेस कार्यकताओं को जोहार खतियान यात्रा के तहत संबोधित करेंगे। दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री के सदर अस्पताल का निरीक्षण करने की चर्चा भी जोरों पर है। 18 जनवरी को ही सीएम हेमंत सोरेन नगर भवन में गिरिडीह और कोडरमा के डीसी समेत सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की भी समीक्षा करेंगे।

# आम जनता हेल्पलाइन ने गरीब जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी सहित झारखंड के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसी के साथ रात में ठंड का तापमान नीचे ही गिरता जा रहा है। ऐसे में गरीब, अभावग्रस्त व जरुरतमंद वर्ग के लोगों को कड़ाके की ठंड में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी परेशानियों को महसूस कर आम जनता हेल्प लाइन ने रांची के पुंदाग क्षेत्र के स्लम बस्ती के निर्धन, अभावग्रस्त, जरुरतमंद व बुजुर्गों



व बच्चों के बीच शनिवार को गर्म कपड़े और कम्बल का वितरण किया। इस स्लम बस्ती के लोग घरों में काम करके, छोटे मोटे व्यवसाय कर, दुकान चलाकर व मजदूरी कर किसी तरह अपना और अपने परिजनों का अपना भरण पोषण करते है। गर्म वस्त्र वितरण इस कार्यक्रम में आम जनता हेल्प लाइन संस्था के अध्यक्ष एजाज गद्दी के द्वारा कम्बलों का प्रबंध करवाया गया। इस दौरान बच्चो को ऊनी स्वेटर, जूते, मोजे और टोपी आदि वितरित किया गया। एजाज गद्दी ने कहा कि उनकी संस्था हर साल स्लम एरिया में रहने वाले गरीब और हाशिये पर रहने वाले लोगों के लिए मुफ्त कंबल वितरण शिविर आयोजित करता है। आम जनता हेल्प लाइन के सचिव हाजी फिरोज जिलानी ने आगे बताया कि यह सीजन के लिए एक सार्थक उपहार भी है। इस क्रम में उन्होंने संस्था की ओर से समाज के उदार स्वभाव और समाज सेवा करने वाले इच्छुक लोगों का आह्वान किया है कि इस तरह मानव सेवा करने वाले शिविरों को सफल बनाने में यथासंभव दिल खोलकर दान करें। आपके द्वारा दिए गए गर्म कपड़े व कंबलों का उपहार न केवल इन बच्चों और बुजुर्गों को प्रकृति की मार से बचाएगा बल्कि उन्हें गर्म और आरामदायक भी रखेगा।

स्पीड न्यूज

## बुढ़मू : बिजली बिल संग्रह के लिए कल से लगेगा कैंप

**बुढ़मू।** बिजली बिल संग्रह करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बुढ़मू प्रखंड में कैंप लगाया जा रहा है। 16 जनवरी को चांया, 17 को ओझासाड़म, 18 को मनातु, 19 को आरिद, 20 को साड़म, 21 को मुरूपीरी, 23 को चैनगड़ा, 24 को मक्का, 25 को केदली, 28 को सोसई, 29 को बुढ़मू और 30 जनवरी को कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी मांडर एसडीओ प्रशांत कुमार सिंह ने दी।

## विधायक ने मृतक के परिजनों को बंधाया ढाढस, की मदद

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत अंतर्गत तुको निवासी 45 वर्षीय किडनी बिमारी से ग्रसित सोहन मोची कि हुई मौत के बाद शनिवार को मांडव की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अपने कार्यकताओं के साथ मृतक गरीब के घर पहुंची। इस दौरान विधायक ने परिवार वालों से मिलाकर ढांढस बंधायाए साथ ही आर्थिक मदद के तौर पर कुछ सहयोग राशि परिवार वालों को दिया। वही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## ग्रामीणों को दी विकास योजनाओं की जानकारी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत अंतर्गत चचकोपी गांव में शनिवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की समस्याओ से अवगत हुई। इस दौरान बैठक में उपस्थित गांव महिला-पुरुष ग्रामीणों को गांव स्तर पर चलाई जा रही सरकार की विभिन्न विकासशील योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर झारखड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत गांव के कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बेड़ो : सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर मूर्ति घर के समीप शनिवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गुमला रोड बेड़ो निवासी 42 वर्षीय रामजी साहू पिता स्व धनेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक को स्वजनों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद वहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार युवक अपना घर आ रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।

## खलिहान में धान की चाकी में लगी आग

**राहे।** सताकी पंचायत के कोंताटोली के किसान सुनील मुंडा के खलिहान में रखे धान चाकी में अचानक आग लगने से हजारों रुपये का धान का नुकसान हुआ है।घटना शनिवार शाम 3 बजे के आसपास की है। आग लगने के जानकारी पर ग्रामीणों ने अपने प्रयास से आग पर काबू कर लिया, लेकिन 80 हजार तक नुकसान होने का अनुमान है। घटना की जानकारी पर मुखिया पांडु मुंडा किसान से मिलकर सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**सिल्ली।** मुरी गोला सड़क पर बनुआडीह के समीप शुक्रवार की शाम दो बाइक के जोरदार टक्कर में डिमरा निवासी 61 वर्षीय गोबरधन महतो की मौत ही गयी। शनिवार को सिल्ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना में दुसरे मोटरसाइकिल में सवार गोला थाना क्षेत्र के उलादाग निवासी चैता मुंडा, एवं सरगडीह निवासी शशि बेदिया घायल हो गए, जिनका सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में इलाज कर घर भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक गोवर्धन महतो रामपुर बाजार से शाम पांच बजे वापस अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में बनवाडीह विजय साहू होटल के समीप बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल गोवर्धन महतो को सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी पहुंचाया गया। जहां रात 8 बजे इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। मृतक गोवर्धन महतो के गांव से आए लोगों ने बताया वे एक कुशल मिस्त्री के रूप में जाने जाते थे।

# मकर संक्रांति : घघारी धाम में उमड़े श्रद्धालु, आस्था की लगायी डुबकी

### जमुनी नदी में डुबकी लगा की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम में आयोजित चार दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को सैकड़ों लोगों ने जमुनी नदी में डुबकी लगाई और पवित्र स्नान किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से अति प्राचीन शिवलिंग की पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। वही मकर संक्रांति महोत्सव के दौरान मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और मांडर की पुर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भी भोले नाथ की विशेष पुजा अर्चना किया। वही विद्यालय ने माथा टेकते हुए भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में अमन चैन व सुख समृद्धि को लेकर कामना की। इस दौरान पुलिस प्रशासन की मदद से समिति के सदस्यों ने घघारी धाम में तीसरे दिन अतिप्राचीन शिवलिंग में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के तिलकुटए दहीए चूड़ा और खीर समेत खिचड़ी के भंडारा के दौरान प्रसाद ग्रहण किया। उधर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कड़ी बंदोबस्त के साथ दिनभर लापुंग थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम व बेड़ो थाना मनीष कुमार गुप्ता ने भीड़ को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम और मनीष कुमार गुप्ता के काफी मशक्कत और प्रयासों के बाद ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हो पाई। विधि व्यवस्था को ठीक करने में पुलिस के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घघारी बाबा धाम मंदिर के मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक व सीताराम पाठक के साथ-साथ राजेश पाठक, तुलसीदास गोस्वामी, किस्टो गोस्वामी, सागर गोस्वामी, नारायण भगत व लुधईया पहान के नेतृत्व में दर्जनों श्रद्धालुओं ने अति प्राचीन शिवलिंग में पूजा अर्चना की।

### मेला परिसर में गाड़ियों की लगी लंबी लाइन

मेला के दौरान गाड़ियों की लगी लंबी जाम से लोगों को मेला से रोड तक निकलने में पसीना छूट गए। हालांकि थाना प्रभारी लापुंग सुकुमार हेम्ब्रम व बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के प्रयासों के बाद ट्रैफिक व्यवस्था थोड़ी हद तक कंट्रोल में आ गई। जिससे वाहनों का जाम नहीं लगता। प्रत्येक वर्ष मेला के दौरान गाड़ियों का जाम 2 से 3 किलोमीटर तक लग जाता है। जिससे श्रद्धालुओं को मेला आने व जाने में भारी परेशानी होती है। श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर तक जाने के लिए डबल लेन की सड़क बनाने की जरूरत है जिससे ट्रैफिक व्यवस्था में दिक्कत नहीं आएगी। मेले का समापन 15 जनवरी को किया जाएगा ।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में किया सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया संतोष तिर्की और संरक्षक राम शंकर सिंह के अलावा मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, सचिव देवेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, कीर्तन प्रभारी विनय पांडेय, सुनील उरांव, भुवन महतो, संजय महतो, रूपदेव सिंह, विक्रम सिंह, परितोष सिंह, चरवा उरांव, दशरथ तिर्की, सोमा मुंडा समेत कई लोगों ने अहम भूमिका निभायी।

# डेगाडेगी नदी में मकर स्नान को उमड़े श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैक्लुस्कीगंज।** डेगाडेगी नदी में शनिवार को मकर संक्रांति मेला का आयोजन हुआ। शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। ये मैकलुस्कीगंज स्थित सुप्रसिद्ध पिकनिक स्थलए लातेहार का पूर्वी तथा रांची जिला का पश्चिम सीमांत एवं दामोदर नदी और चटी नदी का संगम पर मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर प्रति वर्ष लगने वाला मेला का अयोजन इस वर्ष भी किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि खलारी जिला परिषद् सदस्य सरस्वती देवी, विशिष्ठ अतिथि डुमारो मुखिया सुनीता देवी ने सयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके पहले मेला स्थल का पूजन स्थानीय पाहनों ने पारंपरिक तरीके से किया। मेला में लपराए डुमार, सीरम मायापुर के अलावा आस पास के अन्य पंचायत के लोग मेला देखने पहुंचे। मेला समिति की ओर से गुड चूड़ा और तिलकुट का प्रबंध किया गया था। खोरठा नृत्य का आयोजन किया गया। नृत्य में भाग लेने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया गया।

### मेले के आयोजन में किया सहयोग

मौके पर सुशील तिवारी, शशी प्रसादए बसंत पंकज, रामबिलास गोप, लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी, जितेंद्र भारतीय, जितेंद्र पांडे, मायापुर मुखिया पुष्पा खलकोई रामभजन सिंह बिरजा उरांव, भुनेश्वर प्रजापति, महादेव राणा, सीताराम महतो, सुनीता देवी, बसंत लोहारा, विद्यानंद सिंह, कपिलदेव सिंह सहित डुमरो और लपरा पचायत के लोग मौजूद थे। सभी का मेला को सफल बनाने में भर पूर सहयोग रहा। वहीं मजदूरों के बीच मुफ्त चूड़ा-गुड़ और तिलकुट का वितरण किया गया।

## सिकिदिरी में मकर संक्रांति उत्सव में पतंग प्रतियोगिता

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा नदी के तट पर गेतलसूद में शनिवार को मकर उत्सव मनाया गया। सभी ने दही .चुड़ा व तिलकुट खाया व उत्सव मनाया। भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में यहाँ पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दर्जनों लोगों ने पतंगबाजी प्रतियोगिता में भाग लिया। जैलेन्द्र ने पतंग उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की मकर उत्सव को भारत के अलग अलग राज्यों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, शंकर बैठा, बिगेश्वर महतो, बिक्रम बैठा, संजय नायक, नारायण महतो, बिरसा उपस्थित थे।

एक नजर में

## एकैशी महादेव मंदिर परिसर में लगा मकर संक्रांति मेला, उमड़े लोग



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव स्थित ऐतिहासिक एकैशी महादेव भुरनदी में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन सांसद संजय सेठ, मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, लाल पशुपतिनाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल का विकास किया जायेगा। मेला में अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना भी किया। इसके साथ ही पिठोरिया के मालश्रृंग गांव स्थित मोहे पहाड़ में भी टुसु मेला का आयोजन किया गया। मेला में समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मेला को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## विस्थापित विरोधी नीति के खिलाफ जागरूकता रैली



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल से नौकरी, मुआवजा, रोजगार, शिक्षा चिकित्सा की मांग एवं विस्थापित विरोधी नीतियों के खिलाफ रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा 16 जनवरी को अनिश्चितकाल बंदी का आवाहन किया गया था, जिसके सफल आयोजन को लेकर शनिवार को बाइक रैली निकाली गई। मौके पर रामचंद्र उरांव एजितेंद्र कुमार, रचित गंजू, रामबालक गंजू, विजय महतो, इंद्रिश अंसारी, रितेश ताना भगत, दिगपाल ताना भगत, सुनील गंझू, वीरु मुंडा, ईश्वर राम, हेमलाल महतो, प्रेम ठाकुर, दिलीप गंजू, पिंटू राम, गणेश गंझू, रोहित साव, विजय गंझू, वासुदेव गंजू, रोशन गंझू, गुड्डू अंसारी, अनिल केसरी, जय राम बुईयां, प्रभात कुमार, मनोज गंजू, पासवान, महावीर महतो, मुरारी सिंह, राजेंद्र गंझू, महेश महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोंबो गांव में 20 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को एसएसबी ने किया नष्ट

**राहे।** प्रखंड के कोम्बो गांव में शनिवार को 20 एकड़ जमीन में लगे पोस्ते पौधों को एसएसबी 26वी बटालियन ए कम्पनी के जवानों ओर अनगड़ा के पुलिस ने संयुक्त अभियान में शनिवार शाम को नष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के जवानो ने इंस्पेक्टर रविशंकर के नेतृत्व में गांव जाकर पोस्ता पौधों को नष्ट किया। पोस्ता के पौधों को किसने लगाया पूछताछ किया जा रहा है। अभियान में अनगड़ा थाना के संजय कुमार दास की टीम के साथ एसएसबी के जवान उपस्थित थे।

## मुरी पुलिस ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान

**मुरी।** मुरी ओपी पुलिस ने शनिवार को मुरी सिल्ली पथ पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान 18 वर्ष के कम युवाओं को रोका गया और उनकी गाड़ी की कागजात को चेक किया गया तथा 18 वर्ष के उम्र से ज्यादा लोगों को हेलमेट चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान लोगों को थाना प्रभारी बबलू कुमार के द्वारा सुरक्षा तथा यातायात नियमों की जानकारी दी एवं बिना हेलमेट के पकड़े गए दो पहिया वाहन चालकों को हिदायत देकर छोड़ दिया । पुलिस के द्वारा लोगों को समझाया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने थाने में किया हंगामा, दो दारोगा घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में हुये लूटकांड में पूछताछ के लिये लाये गये झखराटांड़ निवासी शिवचरण साहू और उसके पुत्र कृष्णा साहू को शुक्रवार की रात करीब साढ़े 10 बजे फिल्मी अंदाज में जबरन छुड़ाने आये भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश महतो, संजय महतो, रबीन्द्र सिंह, सिकंदर साहू, संगीता देवी समेत अन्य ने जमकर उत्पात मचाया। हमले में जेएसआई अंजन कुमार व अभिषेक सिंह जख्मी हो गये। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर श्री अभिषेक सिंह के ब्यान पर कांड दर्ज कर एक महिला समेत पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार की सुबह उन्हें जेल भेजने के दौरान सैकड़ों समर्थकों ने कैदी गाड़ी रोक सात घंटे तक थाने का घेराव किया। हालांकि डीएसपी प्रवीण सिंह ने पीआर बाउंड के जरिये रूपेश महतोए संगीता देवी व रबीन्द्र सिंह को छोड़ दिया। जबकि संजय महतो व सिकंदर साहू जेल भेज दिये गये।



### डीएसपी के प्रति जतायी नाराजगी

डीएसपी प्रवीण सिंह द्वारा घटना के मुख्य आरोपी रूपेश महतो समेत तीन आरोपियों को राजनीतिक दबाव में आकर थाने से छोड़ दिये जाने पर थानेदार समेत पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने नाराजगी जतायी है। उनका कहना है कि जब पुलिस सुरक्षित नहीं है तो अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा। उन्होंने श्री सिंह पर गुनहगारों के मनोबल को बढ़ाने का आरोप लगाया है।

### क्या है मामला

संडे मार्केट में 13 जनवरी को दिन के ढ़ाई बजे बंधन बैंक की महिला कर्मी कंचन कुमारी से बाइक सवार दो बदमाशों ने 38 हजार नकद व सैमसंग कंपनी की टैब लूट लिये थे। कृष्णा साहू ने पीड़िता को कॉल कर कहा कि टैब उसके पास है। पूछा गया कि टैब कहां से आया। उसने बताया कि मेरे पिता शिवचरण साहू को रास्ते में गिरा मिला। रुपये देकर टैब ले जाओ। पुलिस पिता-पुत्र को पूछताछ के लिये थाने लायी। टैब को बरामद कर लिया गया है।

# आवश्यकता अनुसार ही लें वनों का लाभ : जैलेंद्र कुमार



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** वन रक्षा समिति वनलोटवा के 17वें स्थापना दिवस के मौके पर वनलोटवा जंगल में वन रक्षा बंधन सह वन बचाओ, पेड़ लगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रकृति से हमारा गहरा संबंध है। हमें अपनी आवश्यकता के अनुसार ही वनों से लाभ लेना चाहिए। वेदों में भी पेड़-पौधों का महत्व बताया गया है। वन रक्षा समिति वनलोटवा का सजगता का ही परिणाम है कि आज यहां का वन लहलहा रहे है। हमें वनों को बचाने का संकल्प को पुरा करना होगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने कहा कि मनुष्य और पेड़-पौधे एक दूसरे के पूरक हैं। इससे पूर्व पाहन व ग्रामीणों ने पेड़ों की पूजा-अर्चना की। संचालन समिति के अध्यक्ष शंकर महतो ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, राजेश गुप्ता, नीलमोहन पाहन, विक्रांत तिवारी, संतोष कुशवाहा, नीरज नायक, मानकी राजेन्द्र शाही उपस्थित थे।

## धार्मिक स्थलों पर लगे मेले

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मकरसंक्रांति को लेकर पर्यटन स्थल तिरू फॉल, धार्मिक स्थल एकैसी महादेव एवं हबरूआ में शनिवार को मेला का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इन जगहों पर पुजा किया गया। वहीं तिरू फॉल और हबरूआ में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नागपुरी रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ श्रद्धालुओं ने उठाया।

## नोनिया-चौहान एकता मंच पिपरवार ने की कुलदेवी की पूजा-अर्चना

**खलारी।** नोनिया चौहान एकता मंच एनके.पिपरवार के द्वारा सीएचपी छठ घाट स्थित पृथ्वीराज चौहान चौक पर हर साल की भांति इस साल भी समाज की कुलदेवी माँ वत्सला भवानी की मूर्ति पूजा बड़े ही धूमधाम से की गई। इस दौरान मुख्य रूप से एनके जीएम संजय कुमारए नोनिया.चौहान समाज के कई गणमान्य सहित समाज से जुड़े कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। मंच के सदस्यों ने बताया कि चौहान समाज की कुलदेवी माँ वत्सला भवानी की पूजा से जुड़ी कई मान्यताएँ हैं। आस्था और विश्वास का प्रतीक मां वत्सला भवानी का हम सभी लोग पूजा करते हैं। आस्था और विश्वास के प्रतीक मां वत्सला भवानी की पूजा को लेकर मंच के सदस्यों ने बताया कि माता की महिमा अपरंपार है।

# रानी चुआं में लगे मेले में पहुंचे कई जिले के लोग

### स्वर्णरेखा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के नगड़ी स्थित झारखंड के जीवनदायिनी नदी स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुऑ के समीप मेला टिकरा में आयोजित तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला युगांतर भारती एस्वामी विवेकानंद ग्रामीण विकास संस्था एवं स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास मंच के बैनर तले मनाया जा रहा है महोत्सव के तीसरे दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वर्णरेखा महोत्सव के समापन समारोह और मकर संक्रांति में जन सैलाब उमड़ी। मेला में इस वर्ष प्रदेश के रांची सहित गुमलाए लोहरदगा, खूंटी, रामगढ़, सिमडेगा, हजारीबाग सहित कई जिला के लगभग पचास हजार से अधिक लोग पहुंचे। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव, आजसू पार्टी के भरत काशी साहू भाजपा नेत्री शोभा यादव, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। स्वर्णरेखा महोत्सव में कई कंपनियों के स्टॉल भी लगे थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट : पेरतोल ने कांके को 1-0 से हराया



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** राजा अमरू बाबू फुटबॉल क्लब कुटे की ओर से आयोजित शेख भिखारी चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पेरतोल की टीम ने जीत लिया। शनिवार को कुटे फुटबाल मैदान में खेले गए उदघाटन मैच में केपीएल पेरतोल ने रोमांचक मुकाबले में यूनाइटेड एफसी कांके की टीम को 1-0 से पराजित किया। मैच के दूसरे हाफ में पेरतोल के लालू तिर्की ने 42 वें मिनट में शानदार गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाई। दूसरे मैच में सीएफसी चकला की टीम ने निर्मल ब्रदर्स को 2-0 से हराया। पेरतोल के खिलाड़ी लालू तिर्की को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य व विशिष्ट अतिथि झामुमो के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम और अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबाल पर किक मारकर किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार गांवों में खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है। संचालन शिवधर रजवार ने किया। मौके पर ओरमांझी उपप्रमुख रिजवान अंसारी, मुख्य संरक्षक सह पंसस अमीर हमजा अंसारी, अध्यक्ष ईदुल खान, संरक्षक मंसूर अंसारी, सचिव बालक महतो, उपाध्यक्ष नीलमोहन पाहन, जिप सदस्य सरिता देवी, समनूर मंसूरी, खालिक खान, कुटे मुखिया बालमती देवी, नाजरीन परवीन आदि मौजूद थे।

# चरित्र पतन से बचने के लिए बच्चों को बनायें संस्कारी

### रोंगो पहाड़ से निकली जलाभिषेक यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



रोंगो पहाड़ से निकले जलाभिषेक यात्रा में शामिल लोग।

**ओरमांझी।** सनातन धर्म संस्कृति की महान परंपरा के सर्व व्यापीकरण के उदेष्य से मां रोंगो सेवा समिति द्वारा शनिवार को रोंगो पहाड़ पझरापानी से जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। वहीं सत्यसंग कथा का भी आयोजन हुआ। गांव के पाहन द्वारा जंगल में पूजा अर्चना करने के बाद ढोल-नगाड़े व बाजे-गाजे के साथ जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। जलाभिषेक यात्रा में शामिल महिलाएं बारीडीह तालाब से कलष में जल भर कर गांव बस्ती के सभी मंदिर में परिक्रमा कर आयोजन स्थल पहुंचे। सत्यसंग व कथा प्रवचन में स्वामी प्रेम प्रकाषनंद जी ने कहा सद्गुरु ही मन की गुलामी से मुक्ति दिला सकती है। मन की चंचलता को ज्ञान व ईश्वर ध्यान से काबू में किए जा सकतें है। उन्होंने ब्रहमचर आश्रम, गृहस्थ आश्रम, संयास आश्रम और वनप्रास आश्रम को जीवन के चार आश्रम बताया और कहा ब्रह्मज्ञान ही पूर्ण ज्ञान है। स्वामी जी ने कहा बच्चों में संस्कार की कमी के कारण है ही आज जीवन चरित्र का पतन हो रहा है। उन्होने कहा आज मनुष्य मोबाइल में समय को नष्ट कर मानसिक संतुलन खोते जा रहे हैं।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में जिप सदस्य सरिता देवी, समिति के मुख्य संरक्षक डॉ पारसनाथ महतो, रामधन बेदिया, रणधीर चौधरी, उपमुखिया बनवारी लाल साहू, मुखिया प्रतिनिधि चांद बाबू, पंसस प्रतिनिधि शैलेंद्र मिश्रा, रणधीर चैधरी, सत्येंद्र कसेरा, नरेंद्र कसेरा, अनिल महतो, धनंजय महतो, दुर्गाचरण साहू, कृष्णा कुमार, जंगल महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मकर संक्रांति : कई स्थानों पर लगा मेला



**हरिहरगंज पलामू।** श्रद्धा-भक्ति का पर्व मकर संक्रांति पर शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड के कटैया वनसपती गांव के बटाने नदी तट पर तथा पीपरा प्रखंड स्थित पुनपुन उद्गम स्थल कुंड पर तथा गेरूआ धाम पर वार्षिक मेला का आयोजन किया गया। यहां के पारंपरिक मेले में अपार जनसमूह उमड़ा। लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हरिहरगंज थाना के एसआई प्रकाश कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### सतबरवा को हरा सगालिम चैंपियन



**सतबरवा।** सतबरवा क्रिकेट क्लब के कॉस्को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सतबरवा के हाई स्कूल स्टेडियम में शनिवार को सतबरवा और सगालिम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सगालिम ने सतबरवा को 4 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच और सीरीज सगालिम के खिलाड़ी को मिला। विजेता टीम को 7200 रुपये एवं ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5100 और ट्रॉफी दी गयी। मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। हार से घबरायें नहीं, बल्कि और अच्छा खेलने की सीख लें। अतुल कुमार ने कहा कि दोनों टीमों का खेल सराहनीय था।

### पंचायत कमेटी बनायेगा तैलिक साहू समाज



**सतबरवा।** तैलिक साहू समाज प्रखंड सतबरवा इकाई की बैठक शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर साहू की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। संचालन अर्जुन साहू ने किया। बैठक में तैलिक साहू समाज के जिलाध्यक्ष ललन साहू तथा जिला सचिव अजय साहू उपस्थित थे। लोगों ने समाज संगठित करने तथा पंचायत स्तरीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया। इसके लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये। लोगों ने मकर संक्रांति पर चूड़ा तिलकुट खाकर बैठक की समाप्ति की। बैठक में राम लखन साहू, केदार साहू, त्रिवेणी साहू, ईश्वरी साहू, कन्हाई प्रसाद, जनेश्वर साव, सत्येंद्र प्रसाद, राजेश्वर साहू, शंकर शाह, नागेश्वर प्रसाद, बजरंगी प्रसाद, मंगल साव, राजकुमार प्रसाद, अर्जुन प्रसाद आदि थे।

### शरद यादव को दी गयी श्रद्धांजलि



**विश्रामपुर (पलामू)।** समाजवादी नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शारद यादव के निधन पर विश्रामपुर में श्रद्धांजलि सभा की गयी। जिसमें उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि शरद यादव का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, नरेश यादव, जैनुल अंसारी, नैजबुद्दीन अंसारी, सीताराम चंद्रवंशी, ईशा अंसारी, राजेंद्र यादव, मुंद्रिका यादव, सुरेंद्र यादव सहित कई लोग शामिल थे।

### विधायक ने किया रामलीला मंच का उद्घाटन



**नीलांबर-पीतांबरपुर, पलामू।** मारुति महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार की रात महावीर मंदिर परिसर में वृंदावन से आये बालकृष्ण रासलीला मंडली ने कार्यक्रम शुरू किया। मंच का उद्घाटन पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता एवं युवा समाजसेवी अनिल साहू ने किया। इसके उपरांत अतिथियों ने पट खोल कर राधे कृष्ण का दिव्य दर्शन कराया। साथ ही श्रीमद् भागवत ग्रंथ एवं लड्डू गोपाल जी का पूजा अर्चना कर आरती की गई। मौके पर विधायक ने कहा कि यज्ञ पूजा समिति के लोगों ने बुलाकर इस गौरवान्वित क्षण को अनुभव करने का अवसर दिया है। इसके लिए हम काफी शुक्रगुजार हैं। यज्ञ पूजा समिति अध्यक्ष योगेंद्र सोनी ने बताया कि 14 को पंचांग पूजन, 15 को जलाधिवास, 16 को अन्नाधिवास तथा 17 को मूर्ति का नगर भ्रमण एवं शाही स्नान तथा 18 को प्राण प्रतिष्ठा के साथ मूर्ति स्थापित होगी। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, यज्ञ पूजा समिति के तारकेश्वर पासवान, संजय सोनी, चेंबर अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, कमेश यादव, चंदन सोनी, राम सोनी भी थे।

### मनरेगा में बंद हो जेसीबी प्रयोग : ऋतुराज



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि पलामू जिला के कई प्रखंडों में मनरेगा की योजनाओं में धड़ल्ले से जेसीबी मशीन का प्रयोग हो रहा है। जिससे स्थानीय मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। मनरेगा में जेसीबी का उपयोग पूर्णतः बंद हो। श्री मिश्रा शनिवार को बिश्रामपुर में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई प्रखंडों में खुद मनरेगा की योजनाओं में जेसीबी मशीन चलते हुए देखा है। कई प्रखंडों से मनरेगा मजदूरों ने भी लिखित शिकायत दी है। जल्द उपायुक्त से मिलकर पूरे मामले को रखूंगा। मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा हूं।

### हैदरनगर पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर हैदरनगर के थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने शुक्रवार को पुराना थाना भवन के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने सभी वाहन के डिक्की की जांच के अलावा चालक लाइसेंस, हेलमेट व वाहन के कागजात की जांच की। थाना प्रभारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हर हाल में हेलमेट का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा कानून तोड़ने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी ने दो पहिया वाहन चालकों से अपील की है की वह हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि वाहन का सभी कागजात और चालक का लाइसेंस साथ में जरूर रखें। उन्होंने कहा कि लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# मेला से सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपरा कायम रहती है : डॉ शशि भूषण

- मकर संक्रांति मेला का विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन
- सोनपुरा बांस गुरु शिव मंदिर समिति ने आयोजित किया मेला

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** तरहसी पंचायत के सोनपुरा बांस गुरु शिव मंदिर समिति ने मकर संक्रांति पर हर साल की भाति इस साल भी मेला लगाया है। जिसमें स्थानीय लोगों के साथ दूरदराज के हजारों लोगों ने मेला का आनंद लिया। मौके पर विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि त्योहार तथा मेले हमारी पहचान है। इससे धार्मिक संस्कृति, सामाजिक एकता बनी रहती है। संस्कृति से जुड़े मेले हमारी धरोहर हैं। जिन्हें सहेजने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। उन्होंने इस धर्मार्थ कार्य के लिए आयोजन सामिति को बधाई एवं सहृदय आभार प्रकट किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव वीरेंद्र प्रभाकर, उप सचिव शशि भूषण पासवान, कोषाध्यक्ष विपिन बिहारी प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष डॉ रंजीत महतो, संचालक परमेश्वर साहू, संयोजक अजय सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

### तरहसी प्रखंड में दो विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



मेदिनीनगर। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपनी व्यस्तता को देख एवं जनता का काम सुलभ हो इसे लेकर तहसील प्रखंड में दो लोगों को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। कहा कि क्षेत्र के विभिन्न कार्यो में सहयोग करने के लिए तथा आम जनता को कोई तकलीफ न हो इसके लिए गोपाल प्रसाद एवं रविंद्र पासवान को तरहसी प्रखंड में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया हूं और आशा करता हूं कि ये दोनों लोग अपना दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे।

# पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने मनातू में कई कार्यक्रमों का किया भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू, पलामू।** प्रखंड के बंसी पंचायत स्थित भीत किला शिव मंदिर प्रांगण में संस्कृति कार्यक्रम, रंगिया पंचायत के डुगडुगीया संस्कृति कार्यक्रम, चक पंचायत के झौ बाबा प्रांगण में स्थान मकर संक्रांति पर भव्य सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह (बिट्टू सिंह) ने किया। कमेटी के लोगों ने माला पहना कर उनका स्वागत किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर जौ बाबा स्थान के पास दुगोला कार्यक्रम रखा गया है जो सांस्कृतिक कार्यक्रम से एक नई रुचि मिलती है। कलाकारों ने एक से एक बढ़कर संघर्ष संगीत प्रस्तुत किया जो लोगों को दिल मोह लिया। मौके पर मनातू प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव, मंडल अध्यक्ष पंकज पासवान, रंगिया मुखिया पति अंतु सिंह, झौ बाबा कमेटी अध्यक्ष सीना यादव, सभी सम्मानित सदस्य एवं पदाधिकारी, मंटू गिरी, मनातू प्रमुख गीता देवी, रंगेया मुखिया कुशमी देवी भी थे।



### मकर संक्रांति मेला का हुआ उद्घाटन

मकर संक्रांति पर शनिवार को प्रखंड के महावीर मोड़, ओरिया सतबहिनी सहित विस क्षेत्र के कई जगहों पर मेला लगा। जिसका उद्घाटन पूर्व पांकी विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया। समिति के लोगों ने फूल माला देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति के विरासत का एक अभिन्न अंग है। मेला में ग्रामीण संस्कृति की झलक दिखती है। मेले से आपसी भाईचारा बढ़ता है। मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी ग्रामीणों को शांतिपूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। भोजपुरी सिनेमा के प्लेबैक सिंगर गोलू राजा एवं अक्षरा गुप्ता की टीम ने एक से बढ़कर एक नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर एसआई बिट्टू कुमार, एएसआई अभय त्रिपाठी आदि थे।

## लंबित चिरमिरी रेल लाइन की स्वीकृति पर लोग हैं गदगद

# पलामू पहुंचने पर सांसद बीडी राम का हुआ जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** करीब 83 वर्षों से लंबित चिरमिरी रेल लाइन का पुनः कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति मिलने पर पलामू वासियों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए लगातार प्रयासरत भारतीय जनता पार्टी के पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जो कई बार सदन में इस पर आवाज उठाये एवं लगातार भारत सरकार रेल मंत्रालय से चिरमिरी रेल लाइन को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे। शनिवार को सांसद विष्णु दयाल राम के पलामू आगमन पर रेडमा चौक स्थित अमृत होटल के पास, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के नेतृत्व में लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में जिले के सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, दिलीप तिवारी, ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय, महामंत्री शुभक तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिन्हा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, प्रभात तिवारी, आशीष दुबे, अमेश दुबे, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, शुभक तिवारी अशोक चंद्रवंशी, मनोज प्रजापति, धर्मेंद्र शर्मा, अनिल तिवारी, छोटन सिंह श्वेतांक गर्ग आनंद प्रकाश तिवारी, ईश्वरी पांडे, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर सांसद का स्वागत किया। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।



सांसद का स्वागत करते पलामू के लोग।

# अपने सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन करती है ग्रासिम इंडस्ट्रीज : अजीत तिवारी

- बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने 500 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज का सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट ने प्रत्येक वर्ष की भांति मकर संक्रांति के अवसर पर इस बार भी गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच 500 कंबल व गुड़ा चूड़ का वितरण किया। वितरण समारोह का आयोजन बेलचंपा व्यवसायिक केंद्र में किया गया था।

समारोह की अध्यक्षता रेहला बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सह रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी व संचालन जन सेवा ट्रस्ट के अनिल गिरी ने किया। अजीत तिवारी ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज हमेशा से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है। संस्थान आसपास के क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी संकल्प के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सरोकार, जरूरतमंदों की मदद सहित कई कार्य किया जाता है।

श्री तिवारी ने कहा कि जनसेवा ट्रस्ट स्थानीय महिलाओं व युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षित करता है। इतना हीं नहीं रोजगार के लिए दर्जनों स्वयं सहायता समूह का गठन करते हुए सभी को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ चुकी है। टेक्निकल हेड हरदीप कोहली ने भी सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लोगों को दी। मौके पर जन सेवा ट्रस्ट के राकेश तिवारी, डॉ आर एन सिंह, ब्रजराज चौबे, मुख्तार अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।




जरूरतमंदों को राहत का कंबल देते ग्रासिम के अधिकारी व अन्य।

# प्रिंट रेट से अधिक पैसे वसूलने के विरोध में चली गोली

- गोली चालन में दो हुए गिरफ्तार, अन्य फरार
- गोली चलने से दो लोग हुए जख्मी, इलाज को रिम्स रेफर
- गोलीकांड के विरोध में चैनपुर वासियों ने बंद कराया बाजार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम महावीर मंदिर चौक स्थित शराब दुकान के पास शराब विक्रेता एवं क्रेता के बीच प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें शराब क्रेता द्वारा गोली चलाई गई। इसमें बीज बचाओ कर रहे स्थानीय राजू कुमार आर्य तथा रंजीत कुमार आर्य को गोली लगी। गोली मारने के बाद लोग पैदल ही घटनास्थल से भाग गए। रंजीत के पेट में दो गोली लगी है। जबकि राजू प्रसाद के सिर से लगते हुए गोली निकल गया। दोनों जख्मीयों को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति को गंभीरता देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाने के बाद चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करने में लग गई। इधर, गोली चालन की घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शनिवार को चैनपुर बाजार को बंद कराया। बंदी को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### गोलीकांड मामले में तीन लोग हिरासत में

- चैनपुर में पुलिसिंग व्यवस्था जीरो, विरोध में छह घंटे बाजार रहा बंद

**चैनपुर।** बीती रात्रि चैनपुर में हुए गोलीकांड घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिसमें रंजीत कुमार एवं राजू कुमार के नाम शामिल है राजू का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है। जबकि रंजीत का इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आज लगभग 6 घंटे दुकानें बंद रखी गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस सजग रहती तो इस तरह की घटना नहीं होती बताया जा रहा है कि कई बार शराब दुकान पर प्रिंट को लेकर पैसे की लेनदेन को लेकर ग्राहक और दुकानदार में झड़प होती रही है। जिसकी सूचना पुलिस को दी जाति है यही नहीं शराब दुकान के आसपास लोग शराब खुलेआम पीते रहते हैं पुलिस देखती रहती है और कुछ कार्रवाई नहीं करती जिसका नतीजा आज यह हो रहा है ग्रामीणों की माने पुलिस की व्यवस्था चैनपुर में जीरो रही है। गस्ती के नाम पर पुलिस के पसीने छूटे है। पुलिस सिर्फ अपने थाने में रहकर मामले को निपटारा करने में लगे रहते हैं। कहा तो यह भी जा रहा है चैनपुर में पुलिसिंग व्यवस्था शुन्य है। कल की घटना के बाद से बड़े बुजुर्ग यह कहते हैं पहले चैनपुर में शांति व्यवस्था थी लेकिन अब चैनपुर भी अशांत हो गया है।

### आरक्षण बचाने के लिए 17 को होगी महासभा



**सतबरवा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पलामू जिला सचिव भोला महतो के सतबरवा स्थित आवास पर महासभा के अध्यक्ष अवधेश मेहता की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। भोला ने कहा कि ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा के आह्वान पर 17 जनवरी को जिला परिषद कार्यालय मेदिनीनगर में महासभा रखी है। ओबीसी को संख्या के आधार पर आरक्षण मिले। मौके पर महासभा के उप सचिव अशोक मेहता, सदस्य विश्वनाथ मेहता, अखिलेश्वर मेहता, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण मेहता, कमलेश मेहता, ब्रिजकुमार मेहता, विजय मेहता थे।

### छतरपुर में कम्युनिटी हॉल का उद्घाटन



**छतरपुर, पलामू।** नगर क्षेत्र के खाटीन डाक बंगला परिसर में नवनिर्मित कोयल कम्युनिटी हॉल का उद्घाटन शनिवार को हुआ। जिसके मुख्य अतिथि जिप के कार्यपालक पदाधिकारी परितोष प्रियदर्शी, कनीय अभियंता लव कुमार, सहायक अभियंता सुरेश पासवान, जिप पलामू ने किया। मौके पर कनीय अभियंता, जिला परिषद, लव कुमार गुप्ता ने बताया कि उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद रवि आनंद ने संदेश दिया कि कोयल कम्युनिटी हॉल छतरपुर में निर्माण होने से छतरपुर तथा आसपास के लोगों के लिए काफी कोई भी पार्टी करने में सहूलियत होगी। मौके पर छतरपुर नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, कम्युनिटी हॉल संचालक सुधीर सिन्हा, छतरपुर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, वार्ड पार्षद पन्नू यादव, मनोज गुप्ता, ओम प्रकाश कुमार, अशोक सोनी, श्याम सुंदर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### पड़वा में वन भूमि पर बन रही थी दुकान, एक को जेल



**पड़वा, पलामू।** पड़वा में वन भूमि का कब्जा कर भवन व दुकान का निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वन विभाग ने वनभूमि पर अवैध तरीके से दुकान का निर्माण करा रहे शंभु गोस्वामी को जेल भेज दिया है। वनभूमि में अवैध निर्माण की जानकारी मिलते ही विभाग के सहायक वन संरक्षक राम सुरत प्रसाद के नेतृत्व एक छापामारी टीम ने पड़वा निर्माण स्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य को बंद कराया। सहायक वन संरक्षक राम सुरत प्रसाद ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग वनभूमि का कब्जा कर अवैध तरीके से दुकान एवं मकान बना रहे हैं।

# श्री सर्वेश्वरी समूह पलामू ने पूजा के बाद बांटी सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा डालटनगंज में मां महामैत्रायिणी योगिनी निर्वाण दिवस भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। मौके पर पूजनीया माता की समाधि पर माल्यार्पण, पूजन, आरती एवं सफल योनि सद्ग्रंथ का पाठ किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ। फिर मौजूद श्रदालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। मौके पर समूह शाखा डालटनगंज ने चैनपुर प्रखंड के महुगावां पंचायत के सोनपुरवा व कोल्हुआ के जरूरतमंद एवं बुजुर्ग ग्रामीण बंधुओं के बीच ठंड को देख कुल 50 कंबलों का वितरण किया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, व्यवस्थापक योगेंद्र नारायण सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, संयुक्त मंत्री रोहित सिंह, हरेराम सिंह, संजय दुबे, राहुल सिंह, बामदेव मेहता, रुद्र थे।

### रामगढ़ प्रखंड में शीघ्र लगेगा बिजली का विशेष शिविर

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के विद्युत शक्ति उपकेंद्र के अस्थल पर बिजली संबंधित समस्या के निराकरण हेतु एक कैंप का आयोजन सोमवार समय को बजे से रखा गया है। इसमें सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि अपने अपने गांव के सभी बिजली लाभुकों को जानकारी पहुंचाने का कार्य करेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को बिजली संबंधित अपनी अपनी समस्या रखने में कठिनाइयां दूर हो सके जहां तक की देखा जाता है कि जिस गांव में एक पोल भी नहीं लगा है वहां पर भी बिजली के अधिकारियों द्वारा उनके घर पर बिना बिजली जलाए हुए बिजली का भुगतान के लिए बिजली बिल काटकर उसके घर पर भेज दिया जाता है एवं भुगतान नहीं करने पर उसे विभाग के द्वारा नोटिस निर्गत कर उनपर कानूनी कार्रवाई के तहत केस में फंसा दिया जाता है जिसे लेकर के गांव के गरीब किसान लोग परेशान होते हैं।

# दंगवार के मकर संक्रांति मेले का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** दंगवार में 45वें वर्ष लगा भव्य मेला का उद्घाटन भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, थाना प्रभारी सौरभ कुमार, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, अन्य कई पंचायतों के मुखिया व गणमान्यों ने सूर्य मंदिर के पास फीता काट कर उद्घाटन किया। श्री सिंह ने लोगों से कहा कि ऐसा मेला मकर संक्रांति को पूरे पलामू कमिश्नरी में नहीं लगता है। यह दंगवार वासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने मेला कमेटी को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि लगातार 45 वर्षों से आयोजन बड़ी बात है। मौके पर मुखिया लखन यादव, श्रवण राम, दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा, देवरी खुर्द मुखिया पति उपेंद्र मेहता, मेला समिति अध्यक्ष वकील सिंह, सचिव संतोष राम, उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, संतोष सिंह, मनोज गुप्ता, विवेक आदि थे।

# उंटारी रोड : मकर संक्रांति पर शिव संपत धाम मेला में उमड़ रहे हैं लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के सुप्रसिद्ध देव स्थल शिव संपत धाम मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के मौके पर दो दिवसीय मेला लगा है। मेले की शुरुआत शिव संपत धाम मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष सह उंटारी रोड जिला पार्षद ने मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर किया। जिसके बाद क्षेत्र के विभिन्न जगहों से हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मेले में हजारों श्रद्धालुओं के बीच दही चूड़ा बांटा गया। वहीं दोपहर बाद स्थानीय कलाकार परीखा व्यास ने संगीत भजन कीर्तन प्रस्तुत किया। मौके पर मंदिर निर्माण कमेटी के कोषाध्यक्ष कैप्टन आरसी यादव, महासचिव बसंत ठाकुर, अगस्त तिवारी, डॉ योगी सिंह, रघुवीर यादव, सुनील सिंह, खोखन राम, अयोध्या मिस्त्री, फेकू सिंह व काफी संख्या में मौजूद थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य लोग।

**वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बैठक आज : उंटारी रोड (पलामू)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा ( जरही टोला) स्थित आजनवन खेल मैदान में रविवार को समय दस बजे एक बैठक रखी गई है। जानकारी देते हुए आजनवन खेल मैदान संघर्ष समिति के सदस्यों व युवा सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट कराया जाना है जिसे लेकर मंगलवार को आजनवन खेल मैदान में ही समय दस बजे एक बैठक रखा गया है उन्होंने जोगा पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों को बैठक में भाग लेने के लिए आग्रह किया है।

# हमें हर कठिन काम करने को सक्षम बनाता है खेल : अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबरपु-पीतांबरपुर, पलामू।** खेल वो गतिविधि है जो व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ सक्षम बनाता है। यह मानसिक थकावट दूर करता है और हमें किसी भी कठिन काम करने के लिए सक्षम बनाता है। यह कहना है समाजसेवी अनील साहू का। श्री साहू शनिवार को लेस्लीगंज के ग्राम पुरनाडीह झरना टोला में वॉलीवाल टूर्नामेंट के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे।

श्री साहू ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में शिक्षा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। हम सभी को खेल में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उदघाटन समारोह के बाद झाबर और पुरनाडीह झरना टोला के बीच प्रथम मैच खेला गया। उदघाटन समारोह में पुरनाडीह पंचायत समिति सदस्य कामेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, रंजीत जायसवाल, नौशाद खान, राजा गुप्ता, चंदन सिंह, विमलेश सिंह, अमीत सिंह, राकेश सिंह, प्रशांत सिंह, पकज सिंह, रोहित सिंह, गुलशन सिंह, नदीम खान, सत्येंद्र सिंह, अरविंद सिंह,फुल सिंह, अवधेश साहू व अनुप कुमार व कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते समाजसेवी व अन्य।

स्पीड न्यूज

## लालमणि वृद्धाश्रम में मना मकर संक्रांति पर्व

**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन धनबाद ने मकर संक्रान्ति के पावन अवसर के एक दिन पहले लालमणि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मकर संक्रान्ति मनाया। इस पावन अवसर पर संस्था के तरफ से दही ,चूड़ा ,तिलकुट,खिचड़ी,चोखा, चटनी का इंतजाम रहा ।ममता सिंह ने सभी बुजुर्गों को चादर ,खोली और कोल्ड क्रीम दिया। संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ पतंग भी उड़ाया। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर अद्भुत खुशी थी। मौके पर सचिव अर्पिता अग्रवाल संयोजक आर्टिस्ट गणेशशर्मा ,उमा ,तनिषा,राहुल मंडल ,जगन्नाथ मंडल,शायमली ,निष्ठा , वर्षा फैशन की सुषमा प्रसाद,ममता सिंह , दिव्यम सिंह मौजूद थे।

## गुमला में सड़क हादसे में धनबाद के दो युवकों की मौत

**धनबाद।** बीती रात नेतरहाट के घाटी में हुए दुर्घटना में धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड स्थित नवागढ़ में दवा दुकान चलाने वाले संतोष सिंह का पुत्र सत्यम एवं धनबाद निवासी अर्जुन बोस की मौत हो गई। बताते चलें कि सभी लड़के रांची में पढ़ाई करते थे और घूमने के लिए नेतरहाट जा रहे थे। नेतरहाट मिलिट्री मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर लगभग 150 फीट नीचे खाई में गिर गई । जिस कारण मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई दोनों युवक धनबाद के रहने वाले हैं। इसके अलावा अन्य चार युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन गुमला के लिए रवाना हो चुके हैं।

## आजसू प्रमुख से की धनबाद में अपराध पर अंकुश लगाने की मांग

**धनबाद।** झारखंड सरकार के पुर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो से मिलकर धनबाद जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस बीच पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने पार्टी संगठन पर प्रकाश डालते हुए धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आजसू पार्टी का विस्तार एवं जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन को लेकर मार्गदर्शन भी कराया। श्री तिवारी ने धनबाद कोयलांचल में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर भी गम्भीरता से विचार विमर्श किया। इस मौके पर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के स्टेयरिंग कमिटी चेयरमैन सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव राधे श्याम गोस्वामी मौजूद थे।

## आरएसएस ने जरीडीह बाजार शाखा में मनाया मकर संक्रांति उत्सव

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** जरीडीह बाजार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध के द्वारा शहीद पार्कए झंडा चौक में मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी स्वंसेवक और समाज के विभिन्न लोगों ने एक साथ मिल बैठ कर दहीए चूड़ाए गुड़ और तिलकुट का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बेरमो खंड कारवा विद्युत विश्वास, रोबिन कसेरा, बबलू, रवि एरिंकू, रतन, दिनेश, आकाश, मुकेश गुप्ता, चंदन स्वर्णकार, राजीव रंजन शामिल हैं।

## उदय प्रताप सिंह ने किया कंबल वितरण



**धनबाद।** रेलवे स्टेशन परिषर में शनिवार को समाजसेवी एवं युवा नेता उदय प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी रेनू सिंह ने जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर यह कार्यक्रम रखा गया हैं . ऐसे पिछले एक महीने से विभिन्न स्थानों पर अपनी पत्नी और सहयोगियों के साथ कंबल वितरण कर रहे हैं। चौक चौराहो, स्टेशन एवं निकट स्टेशनों पर ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल बांटने का अभियान जारी है।

# समाज में समरसता होगी, तभी हमारा देश सशक्त होगा : सुनील

### सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह ने किया मकर संक्रांति सह समरसता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के द्वारा नीम तला मैदान में दिनांक 14 जनवरी 2023 को समरसता सह मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार, विभाग सह बौद्धिक प्रमुख, धनबाद विभाग, विशिष्ट अतिथि विशु रवानी, जिला संघचालक, नकुल चंद्र दास, विद्यालय कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय प्रबंध कारिणी के सदस्य उत्तम गयाली, सिद्धांत जी तेतुलिया ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के सभी आचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह द्वारा संचालित पांचो सरस्वती संस्कार केंद्र की आचार्या एवं संस्कार केंद्र में पढ़ने वाले 125 बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया एवं वंदना का कार्यक्रम संपन्न किया गया।कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संस्कार केंद्र प्रमुख रमाकांत मिश्र ने कहा कि मकर संक्रांति भारत की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है जिसे कई नामों से भी जाना जाता है।इस उत्सव को आज सरस्वती संस्कार केंद्र के भैया बहनों के साथ समरसता दिवस के रूप में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय के आचार्य धर्मेंद्र तिवारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज को एकीकृत करने के उद्देश्य से आयोजित है जिसे समरसता का नाम दिया गया है। विद्या भारती की योजना में उल्लेख है कि जब तक हमारा समाज समरस नहीं होगा तब तक एक समर्थ एवं सशक्त भारत का निर्माण नहीं होगा।



### बच्चों की प्रतिभा निखारने की जरूरत

मौके पर जिला संघ चालक विशु रबानी ने इस समरसता कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां कि कार्यक्रम के आयोजन से ही बच्चों में छिपी प्रतिभा बाहर निकलती है साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे उत्सव समाज में समरसता पैदा करते हैं साथ ही भारत का सांस्कृतिक महत्व भी बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी भैया बहनों एवं आचार्य के बीच श्री राम खिचड़ी का आयोजन किया गया जिसका सबों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मुरारी दयाल सिंह, मुरारी प्रसाद मदन मोहन राय, अभिषेक पांडे, अजय कुमार पांडे, संगीत सह प्रमुख शैलेंद्र कुमार सिन्हा, नमिता की अहम भूमिका रही।

## सिंदरी : श्री श्री मारुति नंदन महायज्ञ के पांचवें दिन प्रभु के बाल्यकाल का वर्णन

**सिन्दरी ।** गौशाला अटल चौक स्थित पंचमुखी बजरंगबली मंदिर में चल रहे श्री श्री मारुति नंदन महायज्ञ में शनिवार को पाँचवें दिन वृंदावन से पधारे श्री अरविंद गगार्चार्य जी ने प्रभु श्री राम जी के बाल्यकाल का वर्णन किया। उन्होंने यह भी कहा कि रावण ने अमरत्व का वरदान माँगा था। रावण अहंकार का स्वरूप था और अहंकार जल्दी मरना नहीं चाहता है, परन्तु उसे मारना पड़ता है। उसे मारने को भगवान मनुष्य बन कर आते हैं। इसके लिए सभी देवता भयभीत होकर भगवान से अवतार की प्रार्थना करने जाते हैं। देवता सोचते हैं कि प्रभु कहाँ मिलेंगे। तभी शंकर भगवान कहते हैं कि हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम ते प्रकट हो ही मैं जाना। आचार्य ने बताया कि इसका मतलब है कि भगवान तो सर्वत्र हैं। अगर प्रेम से पुकारा जाए तो वह भक्तों की रक्षा करने को हर स्थान पर प्रकट हो जाते हैं। भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार लिया था और खंभे से प्रकट हुए थे। अंत में आचार्य जी ने प्रभु श्री राम की कथा सुनाई और बधाइयां गाईं। जिसे सुन श्रोता आनंद में डूब गए।

एक नजर में

## केंद्र सरकार के गलत नीति के खिलाफ जमसं ने किया आंदोलन का शंखनाद



**तिसरा।** केंद्र सरकार और प्रबंधन मिलकर मजदूरों का शोषण कर रही है इसके खिलाफ जनता मजदूर संघ जोरदार आंदोलन करेगी उक्त बातें संघ के क्षेत्रीय सचिव रुद्र प्रताप सिंह और नरेंद्र सिंह ने कुइयां जिरो सीम खदान एवं वर्कशॉप गोलकडीह परियोजना के समीप प्रदर्शन सभा में कही । नेताओं ने कहा कि मजदूरों का फरवरी 22 में 13 दिन का पैसा काट लिया गया जो अब तक नहीं मिला। इसके अलावे भारत सरकार मजदूरों का जो पीएफ कटती है उसको भी इनकम टैक्स के दायरे में ला रही है जो गलत है ।हम लोग इसके खिलाफ लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है पहले चरण में सभी कोलियरी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के माध्यम से भी प्रबंधन नहीं मानी तो हम लोग आने वाले दिन में पूरे बीसीसीएल में चक्का जाम आंदोलन करेगे। प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गये। मांग पत्र परियोजना प्रबंधन को सौंपा । मौके पर सूर्यनाथ कुमार रंजीत सिंह कैलाश सिंह जगदीश साव तूफान सिंह कालीचरण जय किशन चंद्र देव हेमंत आलोक सिंह सुभाष कुमार आदि लोग थे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बीबीएमके से संदीप प्रसाद को मिला द्वितीय स्थान



**धनबाद।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित जिला स्तर पर महाविद्यालय और विश्विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच भाषण, पेंटिंग, निबंध और स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के लिए स्पोर्ट्स क्विज मे जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स क्विज में दूसरा स्थान प्राप्त किए संदीप कुमार प्रसाद पीजी राजनीतिक विभाग से है । इस मौके पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के वीसी सुखदेव भोई,एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ मुकुंद रविदास और जिले के उपायुक्त संदीप सिंह ने भी बधाई दी, और आगे के लिए शुभकामनाएं दीं।

## साइबर क्राइम मामले में यूपी पुलिस ने फुसरो के युवक को दबोचा

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो थाना क्षेत्र स्थित फुसरो के शांति नगर से उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि 19 लाख रुपए की साईबर फ्रॉड के मामले में उत्तर प्रदेश के झांसी जिले पुलिस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की पुष्टि बेरमो पुलिस ने भी की है। गिरफ्तार युवक की पहचान फुसरो शांति नगर निवासी अमरदीप साव के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों की माने तो उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के पुलिस ने की। पुलिस छापेमारी घटना के संबंध में बताया जा रहा कि झांसी जिले के पुलिस शनिवार को बेरमो थाना पहुंची। इस दौरान बेरमो पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर रही है। उक्त युवक के खिलाफ 19 लाख की ठगी का मामला झांसी साइबर क्राइम थाना में दर्ज है।

## बीआइटी सिंदरी के प्रो जेपी सिंह का निधन

**सिंदरी।** बीआईटी सिन्दरी के सिविल अभियंत्रण विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर जे पी सिंह (65) का शनिवार की अहले सुबह हृदयाघात होने से निधन पर पूरा बीआईटी सिन्दरी परिवार दु:खी है। वह अपने पीछे धर्मपत्नी, तीन पुत्र व विवाहिता पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

# पुटकी : 33वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये वसीर खान

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** भागाबांध बसीर मोड़ चौक पर शनिवार को समाजसेवी स्व0 बसीर खान की 33 वीं पुण्यतिथि समारोह मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्वमंत्री मन्नान मल्लिक, जलेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, मो. आजाद खान ने स्व0 बसीर खान के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया। वही पूर्व मंत्री मन्नान मलिक ने कहा कि बसीर खान जब तक जीवित रहे समाज हित में काम किया। और समाज के दबे कुचले लोगो को हमेशा मदद करने की काम की. उनके द्वारा किए गए कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता। वही स्व. बसिर खान के पुत्र आजाद खान ने कहा की मेरे पिता बसिर खान समाज के लिए एक मिसाल थे। उन्होंने समाज के साथ साथ मजदूर के हित की भी लड़ाई लड़ी है। आज हम लोग उनके बताए गए नक्शे कदम चलने की जरूरत है. पुण्यतिथि समारोह में शामिल भी गणमान्य लोगों को मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।मौके पर बैभव सिन्हा, आशिफ रजा,शमशेर आलम, मुख्तार खान,पप्पू पासवान, क्यूम खान, लक्ष्मण तिवारी, अक्षयवर प्रसाद, गोपाल भुवानिया, राम विलाश पासवान,जयप्रकाश चौहान, गुड्डू खान, शाहरुख खान, संजय जयसवाल, अजमूल अंसारी, करीम अंसारी आदि सैकड़ो गण्यमान लोग मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री शरद यादव को दी श्रद्धांजलि

**सिन्दरी।** राजद के सिंदरी स्थित धनबाद जिला कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव ने कहा कि शरद जी के नहीं रहने से भारतीय राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। शरद यादव समाजवादी विचारधारा के नेता थे और सदैव दिलों में बसते रहेंगे। मौके पर मुमताज कुरैशी, मुनेश्वर यादव, रामाधार यादव, विक्रम यादव, प्रदीप पॉल, अशोक चंद्रा, बंगाली यादव, राजू यादव, सुरेस राउत, राजू महतो, मुश्ताक अंसारी, विनोद यादव, गणेश दुबे, पिंटू यादव, संजीव यादव, राकेश कुमार, राहुल कुमार, मोनु यादव मौजूद थे।

## अवैध बालू लदा ट्रेक्टर जब्त

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा पुलिस ने शनिवार को अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर नेहरू रोड स्थित रेलवे क्रोसिंग के पास अवैध बालू लदा ट्रेक्टर को जब्त किया। इस संबध मे चिरकुंडा थाना के इंस्पेक्टर सुनिल कुमार सिह ने बताया कि काफी दिनो से गुप्त सुचना मिल रही थी कि अवैध रूप से बालू कापासारा व डुमरकुंडा नदी घाट से चोरी चुपके ले जाया जा रहा है पुलिस अवैध बालू ट्रैक्टर को पकडने के प्रयास मे थी जो शनिवार को पकडा गया। पुलिस को देखते ही ट्रेक्टर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग खड़ा हुआ। उन्होने कहा कि माइनिग विभाग को सूचना दे दी गयी है तथा माइनिग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

## क्षतिग्रस्त शिव मंदिर पहाड़ी गोड़ा में होगा स्थापित

**झरिया।** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सुरंगा में अवैध खनन कि भेंट चढ़ी शिव मंदिर कि स्थापना पहाड़ीगोड़ा में करने को लेकर क्षेत्र के लोगो ने बीड़ा उठाया है। भव्य मंदिर कि स्थापना को लेकर शनिवार को पहाड़ीगोड़ा काली मंदिर के प्रांगण में सुरुन्गा एवं पहाड़ी गोड़ा के ग्रामीणों कि हुई एक बैठक में भुधसान से क्षतिग्रस्त हुई शिव मंदिर कि काली मंदिर के बगल में स्थापित करने का निर्णय लिया। मंदिर कि स्थापना के लिए सोमवार को भूमिपूजन कर भव्य मंदिर निर्माण कि आधारशिला रखी जाएगी। भूमिपूजन के लिए ग्रामीणों ने सांसद पीएन सिंह ,लोदना जीएम बीके सिन्हा सहित क्षेत्र के समाजसेवी को भी आमंत्रित किया है। मंदिर निर्माण को लेकर बलियापुर प्रखंड के पंचायत प्रमुख पिंकी देवी ,सुरंगा पंचायत के मुखिया विजय कालिंदी ,उपमुखिया संतोष महतो ,राधेश्याम रजक ,राजाराज महतो प्रदीप महतो ,अरुण महतो कि अगुवाई में एक कोर कमिटी का गठन भी कि गयी है। सांसद पीएन सिंह ने मंदिर कमिटी के लोगो को मंदिर निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया था।

## बोकारो : युवाओं के बीच डालमिया सीमेंट ने किया क्रिकेट खेल सामग्री का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा गोड़ाबाली के युवाओं के बीच इकाई प्रमुख प्रिय रंजन के हाथों क्रिकेट खेल सामग्रियां वितरीत की गईं । उन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि खेल से शारीरिकए मानसिक एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। मुखिया बालेश्वर सिंह ने डालमिया प्लांट के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस खेल मैदान को विकसित कर खेलने योग्य बनाने में डालमिया प्लांट का सराहनीय सहयोग रहा है। खिलाडियों एवं उपस्थित जनसमूह की अपील पर इकाई प्रमुख और मुखिया श्री सिंह ने आपस में क्रिकेट खेले। मौके पर डालमिया प्लांट के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख बलराम पांडाए सुरक्षा प्रमुख सुधीर कुमारए सीएसआर प्रमुख उमेश प्रसादए गोड़ाबाली के सरपंच जीतन रविदासए उपमुखिया सुनील महलीए उत्तरी गोड़ाबाली पंचायत के सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## फुसरों में धूमधाम से निकली टुसू शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** इन दिनों पुरे प्रदेश में टुसू महापर्व की धुम मची हुई है जिधर भी देखो हर तरफ इस त्योहार का उत्साह देखने को मिलता है। इसी क्रम में शनिवार को पुरे धुमधाम और गाजे बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ टुसू महापर्व पर बेरमो के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा के द्वारा पूरे फुसरो शहर में झारखंड के सभ्यता और संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। इस शोभायात्रा मे बड़ी संख्या में महिलाएंए युवतियां झूमर नृत्य कर खूब झूमती नजर आई। इस शोभायात्रा के कारण पूरा शहर टुसू मय हो गया। घंटो शोभायात्रा नगर भ्रमण करने के बाद देर शाम फुसरो दामोदर नदी स्थित हथिया पत्थर में पुरे विधि विधान के साथ टुसू का विसर्जन किया गया।

## डीपीएस बोकारो में चयन सह संवर्द्धन कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** साइंस फॉर सोसाइटीए झारखंड एवं विज्ञान जागरण समिति की ओर से डीपीएस बोकारो में 30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए झारखंड की टीम का अंतिम रूप से चयन किया गया।चयनित प्रतिभागियों में ग्रामीण जूनियर ग्रुप में बोकारो से शताक्षी व पायल महथा व दुमका की जूही प्रिया मुर्मूए ग्रामीण सीनियर में बोकारो से डॉली कुमारी व तरन्नुम गुलनाज एवं जामताड़ा की अर्पिता साहाए शहरी जूनियर ग्रुप में बोकारो से रिद्धि शर्मा व सक्षम झा और देवघर से अभिज्ञान तथा सीनियर शहरी ग्रुप में बोकारो से अभिनीत शरणए अर्पण कुमार और गिरिडीह से प्रिंस राज के नाम शामिल हैं। चयन सह संवर्द्धन कार्यशाला के पहले दिन साइंस फॉर सोसाइटी के महासचिव सह राज्य समन्वयक डीएनएस आनंद ने चयनित टीमों को बधाई दी।

# फुसरो : हथिया पत्थर मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सूर्य के मकर राशि संक्रमण काल यानी उत्तरायण होने के समय में परिवर्तन होने के कारण हालांकि मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी के बजाय 15 जनवरी को होगाए लेकिन पूर्व परंपरा के अनुसार ही शनिवार को फुसरो स्थित दामोदर नदी के हथिया पत्थर पर भव्य मेले का आयोजन शनिवार को हुआ। जिसमें स्थानीय सहित दूरदराज के ग्रामीणों की काफी संख्या में भीड़ उमड़ी। सुबह से ही लोग दामोदर नदी में स्नान कर पूजापाठ करने में जुटे रहे और इस मेले में हजारों की संख्या में भीड़ लगी रही। उक्त मेले में भीड़ इस कदर रही कि सड़क पर गाड़ी भी धीमी गति से चलाना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित को लेकर जगह जगह पुलिस की तैनाती की गई। बेरमो व पेटरवार पुलिस के जवान तैनात थे। वही फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग के दामोदर नदी हिंदुस्तान पूल में घण्टो ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। दोनों ओर लगभग डेढ़ किलोमीटर तक लंबी वाहनों की कतार लग गया। बताते चलें कि आस्था का प्रतीक हथिया पत्थर मेला यहां प्रत्येक वर्ष लगता है। यहां मेले में आये श्रद्धालु स्नान कर स्थानीय देवी मंदिर में पूजा.अर्चना भी करते हैए ताकि उनकी मनोकामना पूरी हों। साथ ही हथिया पत्थर में भी लोग प्रसाद लेकर तथा धूप.अगरबत्ती दिखाकर पूजा कर मनोकामना पूरी होने की मन्नतें मांगते हैं।

### यहां मांगी गयी मन्नतें होती हैं पूरी

कहा जाता है कि सच्चे दिल से मांगी गयी मन्नत यहां जरूर पूरी होती है। इस मेले में चाटए खिलौनाए खोमचेए कैलेन्डर आदि की कई दुकानें लगी थीं। लोगों ने पूजापाठ करने के साथ ही यहां मेले का भी लुत्फ उठाया। मेले में पुरुषों सहित बच्चों व महिलाओं की भी भारी संख्या में भीड़ जुटी। महिलाओं की भीड़ चाट, छोले-भटूरे, गोल गप्पे आदि के खोमचे के इर्दगिर्द काफी देखी गई।

## पेज एक का शेष

### चाईबासा धमाके में जख्मी...

**बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा में निगरानी तेज :** नक्सलियों की इस गतिविधि को देखते हुए बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा से सटे हुए इलाकों में खास निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी किया है। बूढ़ापहाड़ के इलाके में हाल के दिनों में सुरक्षाबलों ने कब्जा किया है और इलाके से लैंडमाइंस निकालने का काम जारी है। जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि बूढ़ा पहाड़ और बिहार से सटे हुए सीमावर्ती इलाकों में खास चौकसी बरती जा रही है।

### जवाब देने को...

हालांकि नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी आरक्षण लागू नहीं किया गया है। इस मामले पर चंद्र प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद याचिका दाखिल की। शुक्रवार को इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से काउंटर एफिडेविट दाखिल करने को लेकर दो सप्ताह के समय देने का अनुरोध किया, जिसे मंजूर कर लिया गया। सांसद चंद प्रकाश चौधरी ने अवमामनना याचिका में कहा है कि राज्य सरकार न्यायालय ने न्यायालय में अंडरटेकिंग देकर भी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू नहीं कर रही है जो कोर्ट की अवमानना है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने गत वर्ष 28 नवंबर को अवमाननावाद की सुनवाई के बाद झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया था।

### राज्यपाल रमेश बैस...

पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के तहत सामुदायिक जुड़ाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। व्यक्तियों व संगठनों को पोषण और नैदानिक सहायता के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार सभी देशों ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है, लेकिन भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

**कई संगठन, संस्था भी जुड़े :** राज्यपाल ने निक्षय मित्र बनने की जाहिर की थी ईच्छा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान ही राज्यपाल ने निक्षय मित्र बनने की ईच्छा जाहिर की थी, जो धरातल पर उतरने वाला है। टीबी मुक्ति में रांची जिले के कई सामाजिक संगठनों और चिकित्सकों ने भी निक्षय मित्र बनने में अपनी दिलचस्पी दिखायी है। जिले के 78 मरीजों को अब तक गोद लिया गया है। इनमें उषा मार्टिन ने 15 मरीजों को गोद लिया है, जबकि इनर व्हील क्लब ने 5 मरीजों को गोद लिया है। स्टेट टीबी डायरेक्टरेट सेल के निदेशक डॉ. अमित्रा ने तीन मरीजों को, डॉ. मेघा प्रियदर्शिनी ने और डॉ. रंजीत प्रसाद ने भी दो मरीजों को गोद लिया है।

**फूड बास्केट में पोषण की पूरी व्यवस्था :** फूड बास्केट में मरीजों के लिए एक किलो दाल, एक-एक किलो मुंगफली, गुड़, चना शामिल है। इसके अलावा एक लीटर सरसों तेल, मांसाहारी लोगों को अंडा भी मिलेगा। इसके साथ ही मरीजों को दवा के डीबीटी के माध्यम से 500 रुपया प्रति माह दिया जाता है।

